>

Title: Regarding setting up of oil refinery in Rajasthan.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस तरफ आकर्षित करना चाहूंगा कि राजस्थान में तेल शोधक रिफायनरी अविलंब स्थापित किए जाने की आवश्यकता है। राजस्थान के सीमावर्ती जैसलमेर, बाड़मेर तथा जालौर आदि जिलों में तेल व प्राकृतिक गैस की खोज एवं खुदाई करने वाली सरकारी तथा निजी क्षेतू की कंपनियों को तेल एवं प्राकृतिक गैस के बहुत बड़े-बड़े भंडार मिले हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यहां पाया जाने वाला तेल बहुत अच्छा एवं उच्च श्रेणी का है। केयर एनर्जी कंपनी के द्वारा उसका दोहन कार्य भी प्रारंभ हो गया है और शीघ्र ही वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ हो जाएगा। पिछले वर्षों में देश के जिन-जिन राज्यों में सरकारी कम्पनियों अथवा प्राइवेट एजेंसियों द्वारा जहां-जहां तेल और प्राकृतिक गैस के भंडार प्राप्त हुए हैं, उन राज्यों में तेल शोधक केन्द्र (रिफायनरीज़) स्थापित किए गए हैं। जैसे असम, गुजरात, महाराष्ट्र एवं आंध्र प्रदेश आदि। इस दृष्टि से राजस्थान में भी रिफायनरी स्थापित करने का हक बनता है। सरकारी कंपनी और नवरत्नों में से एक ओएनजीसी ने इस बात को सिद्धांतत: स्वीकार कर लिया था, परन्तु खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि उसे अभी तक केन्द्रीय सरकार द्वारा कोई न कोई बहाना बना कर टाला जा रहा है।

महोदय, जब हरियाणा के पानीपत में, पंजाब के भंटिडा में, यूपी के मथुरा में तथा मध्य प्रदेश में तेल एवं गैस उत्पादन नहीं होने पर भी हजारों कि.मी. लम्बी पाइप लाइनें बिछा कर करोड़ों रुपए खर्च कर रिफायनरी स्थापित की जा सकती हैं, राजस्थान में तेल और गैस के भंडार भी पाए गए हैं और उनका वाणिज्यिक उत्पादन भी शुरू होने को है, ऐसी स्थिति में यहां रिफायनरी बननी ही चाहिए।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध है कि बिना राजनैतिक भेदभाव किए तथा बिना देरी किए अविलम्ब राजस्थान राज्य के आर्थिक विकास एवं संवृद्धि हेतु हजारों लोगों को रोजगार प्रदान करने के लिए राजस्थान में ही उपयुक्त स्थान पर तेल शोधक संस्थान, रिफायनरी स्थापित करने की अविलम्ब घोषणा कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए। धन्यवाद।